मध्य प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन

क्रमांक..989.../ए-12/एमपीएसडीएमए/16/प्रशा भोपाल, दिनांक ..09-08-17

// रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति से भरे जाने हेतु विज्ञापन //

आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया गया है। मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (भर्ती और सेवा की शर्ते) नियम 2014 के अंतर्गत प्राधिकरण में नीचे दर्शाये गये पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र उनके पैतृक (मूल) विभाग के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है :–

क्र.	पद का नाम	प्रतिनियुक्ति पद	आवश्यक शैक्षणिक अर्हताए	अन्य अपेक्षाएं
1	उप संचालक वेतनमान 15600–39100 पे–बैंड–3 (ग्रेड पे–6600) **(पुनरीक्षण पूर्व)**	02 पद	समाजिक विज्ञान / भू–विज्ञान / रसायन विज्ञान / ग्रामीण विकास / आपदा प्रबंधन / कृषि में स्नातकोत्तर उपाधि होनी चाहिए।	न्यूनतम 10 वर्षो का कार्यानुभव जिसमें से दो वर्ष का अनुभव आपदा प्रबंधन मे होना चाहिए। ऐसे अधिकारी जिन्होंने शासकीय / अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणें के साथ कार्य किया हो को अधिमान दिया जाएगा।
2	प्रशिक्षण विशेषज्ञ वेतनमान 15600–39100 पे–बैंड–3 (ग्रेड पे–6600) **(पुनरीक्षण पूर्व)**	01 पद	समाजिक विज्ञान / ग्रामीण प्रबंधन / आपदा प्रबंधन / कृषि / विज्ञान / विधि / इंजीनियरिंग / चिकित्सा में स्नातकोत्तर उपाधि होनी चाहिए।	किसी भी शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्थान में 05 वर्ष से कार्यरत भूवैज्ञानिक / हाइड्रोलाजिस्ट / सिविल इंजीनियर / नगर नियोजक। भूकंप / बाढ तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन में कार्य करने वाले अधिकारियों को अधिमान दिया जायेगा।
3	सहायक संचालक वेतनमान 15600–39100 पे–बैंड–3 (ग्रेड पे–5400) **(पुनरीक्षण पूर्व)**	07 पद	विधि / इंजीनियरिंग / चिकित्सा में स्नातकोत्तर उपाधि होनी चाहिए।	संबंधित विषय में 05 वर्षो का कार्यनुभव , आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 तथा आपदा योजना बनाने का ज्ञान।
4	स्टेनोग्राफर वेतनमान 9300–34800 पे–बैंड–2 (ग्रेड पे–3600) **(पुनरीक्षण पूर्व)**	01 पद	मध्यप्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था / बोर्ड से अंग्रेजी / हिन्दी शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन तथा हायर सेकेण्ड्री परीक्षा उत्तीर्ण।	शीघ्रलेखन / स्टेनों टाईपिस्ट के रूप में तीन वर्षो का कार्यानुभव।

Ashwin
09-08-17

क्र.	पद का नाम	प्रतिनियुक्ति पद	आवश्यक शैक्षणिक अर्हताए	अन्य अपेक्षाएं
5	कार्यालय सहायक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतनमान 5200–20200 पे–बैंड–1 (ग्रेड पे–1900) (पुनरीक्षण पूर्व)	08 पद	कम्प्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक उपाधि होनी चाहिए।	
6	वाहन चालक वेतनमान 5200–20200 पे–बैंड–1 (ग्रेड पे–1900) (पुनरीक्षण पूर्व)	01 पद	हाईस्कूल प्रमाण–पत्र परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।	
7	भृत्य वेतनमान 4440–7440 पे–बैंड एस–1 (ग्रेड पे–1300) (पुनरीक्षण पूर्व)	08 पद	आठवी स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।	

शर्ते :–

1. अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति हेतु अधिकतम आयु 55 वर्ष होगी।
2. संबंधित अधिकारी /कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर वही वेतन तथा भत्ते प्राप्त करेगा जो कि वह उसके मूल विभाग में प्राप्त कर रहा था।
3. मध्यप्रदेश शासन सा.प्र.वि.क्र. 9789/3810/1(2) दिनॉक 9–12–1964 द्वारा प्रतिनियुक्ति अवधि सामान्यतः 4 वर्ष निर्धारित की गई है।
4. उपरोक्त शर्तो के अतिरिक्त म.प्र. शासन के संगत नियम एवं मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (भर्ती और सेवा की शर्ते) नियम 2014 लागू होगे।

केंन्द्र /राज्य शासन अथवा केंन्द्र /राज्य शासन के अधीन उपक्रम/अर्धशासकीय संस्थाओं मे कार्यरत इच्छुक लोक सेवक www.mponline.gov.in पर दिनांक **28 अगस्त 2017 से** ऑनलाइन आवेदन भरें **जिसका शुल्क 150/- (कर अतिरिक्त) mponline को देय होगा। अधिक जानकारी के लिए mponline के ग्राहक सेवा नंबर: 0755-4019400 पर संपर्क किया जा सकता है।** तत्पश्चात विज्ञप्ति के mponline मे प्रकाशन के दिनॉक से 30 दिवस के भीतर mponline **से उत्पन्न** (generated) सभी प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) अपने पैतृक (मूल) विभाग के माध्यम से **(आवेदक के कार्यालय प्रमुख / नियोक्ता द्वारा दिये गए प्रमाण पत्र सहित)** स्पीड पोस्ट /रजिस्टर्ड डाक द्वारा **समन्वयक, म.प्र. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पर्यावरण परिसर , ई–5, अरेरा कालोनी, भोपाल–462016 को** प्रेषित करें। लिफाफे पर आवेदित पद का नाम भी अंकित किया जावे।

<u>महत्वपूर्ण नोट</u> : उपरोक्त वर्णित सभी पद प्रतिनियुक्ति पर भरे जाने हेतु केवल **केंन्द्र /राज्य शासन अथवा केंन्द्र/राज्य शासन के अधीन उपक्रम/अर्धशासकीय संस्थाओं मे कार्यरत** लोक सेवक के लिए है। **अन्य** आवेदक इन पदों के विरूद्ध आवेदन प्रस्तुत ना करें।